
नई दिल्ली, मंगलवार
2 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

हिंदुओं को हिंसक कहने पर लोकसभा में संग्राम 1
नए कानूनों के तहत सुप्रीम कोर्ट तक से तीन वर्ष के भीतर मिलेगा न्याय: शाह 3




Available at exclusive Wildcraft stores and leading retail outlets near you

Flipkart | Myntra | lifestyle | SMART BAZAAR | LuLu | SPAR

For corporate or trade enquiries, give a missed call on +91 86550 97266


*********


wildcraft.com
ADVENTURE READY CARGO
Made for movement
Convertible
Rugged by design
Smart multi-pocket storage
EXPLORE NOW
WILDCRAFT
#ReadyForAnything
Available at exclusive Wildcraft stores and leading retail outlets near you!
Flipkart
Myntra
lifestyle
CENTRO
SPAR
For Corporate or Trade Enquiries, give a missed call on 8655097266

*********

नई दिल्ली, मंगलवार
2 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



राहुल के बयान से संत आहत, बोले-यह हिंदुओं के प्रति घृणात्मक सोच 13
मैं हिंदू हूं और हिंसक नहीं हूं: संबित पात्रा 13




## संपादकीय

**बहुत कुछ कहने वाली विजयगाथा:** टी-20 विश्व कप विजय ने न केवल वर्षों से आइसीसी खिताब की प्रतीक्षा समाप्त की, बल्कि राहुल द्रविड़, रोहित शर्मा और विराट कोहली को यादगार विदाई भी दी। **तरुण गुप्त** का आलेख।



**नियमों के तहत सहायता मांगें राज्य:** विशेष राज्य के दर्जे को लेकर दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर विचार किए जाने की आवश्यकता है। **सीबीपी श्रीवास्तव** का विश्लेषण। ● पेज 8

## जागरण विशेष

### जलवायु परिवर्तन के अनुकूल सब्जियों की प्रजाति विकसित



**वाराणसी:** जलवायु परिवर्तन के कारण पड़ रही भीषण गर्मी से खाद्यान्न संकट भी खड़ा हो सकता है। ऐसे में विज्ञानी पौष्टिकता बढ़ाने के साथ जलवायु के अनुकूल सब्जियों की किस्मों को विकसित कर रहे हैं। ● पेज 12

# हिंदुओं को हिंसक कहने पर लोकसभा में संग्राम

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा-जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा फैलाने में लगे हैं

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन में किया प्रतिकार, कहा-हिंदुओं को हिंसक कहना गंभीर मसला

संजय मिश्र ● जागरण

**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता विपक्ष के रूप में अपने पहले संबोधन में ही राहुल गांधी ने भाजपा-संघ के हिंदुत्व पर तीखा प्रहार किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा और नफरत फैलाने में लगे हैं। राहुल के आरोपों का खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिकार किया और गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे माफी की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंदुओं को हिंसक कहना गंभीर मामला है। हालांकि, अपनी टिप्पणी को हिंदू समुदाय के खिलाफ बताने के भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के एतराज को खारिज करते हुए राहुल ने कहा कि यह बात उन्होंने भाजपा के संदर्भ में कही है। भाजपा-आरएसएस और नरेन्द्र मोदी ही पूरा हिंदू समाज नहीं हैं और यह भाजपा का ठेका नहीं है। लेकिन, अमित शाह ने राहुल गांधी के बयान को शब्दशः सामने रखते हुए इसे पूरे हिंदू समाज के खिलाफ करार दिया। शाह ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक बताने के लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे हिंसा में लिप्त हैं। देश में करोड़ों लोग गर्व से खुद को हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी हिंसा की बात कर रहे हैं? हिंसा को किसी धर्म से जोड़ना, वह भी संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति द्वारा...मेरा मानना है कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए। पीएम मोदी मंगलवार को दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।



लोकसभा में चर्चा के दौरान भगवान शिव के चित्र के साथ राहुल गांधी ● वीडियोग्रैब/प्रेट्र

- लोकसभा में राहुल ने नीट पेपर लीक, मणिपुर हिंसा और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा
- सरकार को रचनात्मक सहयोग की पेशकश करते हुए कहा-विपक्ष दुश्मन नहीं, देश को आगे बढ़ाने में भागीदार
- शाह बोले-देश में करोड़ों लोग गर्व से खुद को हिंदू कहते हैं तो क्या वे सभी हिंसा की बात कर रहे हैं?
- दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का आज जवाब देंगे मोदी



संसद सत्र के दौरान बोलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ● एएनआइ

अपने हाथों में भगवान शंकर की तस्वीर लिए राहुल ने भाजपा-संघ ब्रांड के हिंदुत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि अहिंसा, प्रेम और बिना डरे सत्य की राह पर चलना ही हिंदू धर्म है। मृत्यु से भी भयभीत नहीं होने की भगवान शिव की निडरता के सहारे ही सत्ता की ताकत के खिलाफ विपक्ष ने यह चुनावी लड़ाई लड़ी है। राहुल ने भगवान शिव, गुरु नानक, ईसा मसीह, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की तस्वीरें दिखाईं तो इस्लाम में दुआ मांगने की स्वीकृत तस्वीर रखते हुए कहा कि सभी धर्म की शिक्षाओं में निडरता और सत्य-अहिंसा मूल है। स्पीकर ने नियम का हवाला देकर उन्हें रोका तब कुछ तस्वीरें उन्होंने आसन को सौंप दी, मगर भगवान शिव की तस्वीर को आखिर तक पास रखा और कई मौकों पर अपनी बात रखने के लिए इसका सहारा भी लिया। राहुल ने नीट पेपर लीक, मणिपुर हिंसा, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लेकर महंगाई जैसे मुद्दे पर घेरते हुए राजग सरकार को सबको डराने की कार्यशैली छोड़ने की सलाह दी और कहा कि विपक्ष उसका दुश्मन नहीं, बल्कि देश को आगे ले जाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने को तैयार हैं।

राहुल गांधी ने अयोध्या में भाजपा की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि अयोध्या की जनता ने उसके उम्मीदवार को हराकर स्पष्ट संदेश दिया है। अयोध्या में लोगों में गुस्सा और आक्रोश इसलिए है कि क्योंकि उनके घर-दुकान तोड़ दिए गए हैं, कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। दावा किया कि नरेन्द्र मोदी अयोध्या से चुनाव लड़ना चाहते थे। दो सर्वेक्षण करवाए, जिनमें साफ संकेत मिला कि वह वहां से हार जाएंगे। इसलिए वह वाराणसी भाग गए और बड़ी मुश्किल से खुद को बचा पाए।

राहुल गांधी ने कहा कि देश भर में उनके खिलाफ 20 मुकदमे दर्ज करना, दो साल की सजा सुनाना, घर छीन लेना यह सब प्रधानमंत्री के इशारे पर किया गया। इसके बावजूद वह भाजपा की सत्ता की ताकत से नहीं डरते हैं, बल्कि इसके उलट भाजपा ही कांग्रेस से डरती है।

**राहुल गांधी ने कहा-नीट से उठ गया छात्रों का भरोसा » पेज 13**
**संसद सत्र » पेज 13 व संपादकीय**

## बिफरी भाजपा, बोली-तुरंत माफी मांगें राहुल गांधी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** हिंदुओं को हिंसक बताने के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान ने राजनीतिक पारा चढ़ा दिया है। संसद में कांग्रेस नेता द्वारा दिए गए इस बयान पर बिफरी भाजपा ने गंभीर आरोप लगाया कि राहुल ने आज संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक बताया है और यह कांग्रेस की पुरानी पद्धति रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, किरण रिजिजू और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल पर झूठे बयान और अमर्यादित आचरण से नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा गिराने का आरोप लगाया। साथ ही तंज भी कसा कि अध्यक्ष पीठ से कही गई बात राहुल को समझ में नहीं आती, भला नए चुनकर आए सांसद उनसे क्या सीखेंगे?

लोकसभा में राहुल गांधी के बयान और व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताने पर राहुल को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। वे वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने विदेशी राजदूतों के सामने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था। नड्डा ने कहा कि पांच बार के सांसद राहुल संसदीय नियम और मर्यादा नहीं सीख पाए हैं। बहस की गरिमा को बहुत नीचे गिरा दिया है। अध्यक्ष पीठ के प्रति उनका व्यवहार बहुत आपत्तिजनक था।




राज्यसभा में सोमवार को चर्चा के दौरान नेता सदन जेपी नड्डा ● एएनआइ

- जेपी नड्डा ने कहा, संसदीय नियम और मर्यादा नहीं सीख पाए पांच बार के सांसद राहुल गांधी
- वैष्णव ने अग्निवीर और अयोध्या में मुआवजा को लेकर दिए बयान को झूठा बताया

**राहुल का बयान हिंदुओं के प्रति नफरत से भरा: नड्डा » पेज 13**



# संकट में धर्म, जाति, भाषा और संस्कृति से ऊपर होता है राष्ट्रप्रेम : भागवत


मोहन भागवत ● फाइल फोटो

● परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उनके पैतृक गांव पहुंचे सरसंघचालक
● अब्दुल हमीद जैसे नायकों को धर्मग्रंथों और भाषणों से परे साहस पैदा करने वाला प्रेरणास्रोत बताया

**जागरण संवाददाता, गाजीपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि भले ही देश में धर्म, जाति, भाषा, संस्कृति के नाम पर समाज अलग-अलग बंटा दिखता हो, लेकिन जहां राष्ट्र पर खतरे की बात आती है तो सब राष्ट्रप्रेम के सूत्र में बंधकर एक साथ संकट का मुकाबला करते हैं। ऐसे में ही परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद जैसे लोग देश के लिए बलिदान देकर राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा लिखते हैं। समाज और देश के लिए जीना ही मनुष्यता है। इस तरह का जीवन जीने वालों की बहादुरी की गाथा ही हम अपनी भावी पीढ़ी को सुनाते हैं। उन्होंने अब्दुल हमीद जैसे नायकों को धर्मग्रंथों और भाषणों से परे लोगों में साहस पैदा करने वाला प्रेरणास्रोत बताया।

वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उनके पैतृक गांव उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के धामूपुर स्थित बलिदानी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उन्होंने परमवीर चक्र विजेता के बड़े बेटे जैनुल हसन से बातचीत के आधार पर डा. रामचंद्रन श्रीनिवास की लिखित पुस्तक 'मेरे पापा परमवीर' का विमोचन भी किया। भागवत ने कहा कि देश में इतनी सारी भाषाएं हैं। भूगोल के अनुसार खान-पान, रीति-रिवाज बदलते हैं। सारी विविधताओं के बावजूद हमारा देश हजारों वर्षों से एक राष्ट्र व एक समाज होने के नाते आगे बढ़ रहा है। जब कोई देश हमला करता है तब सभी मिलकर शत्रु से मुकाबला करते हैं।

# 'शिवसेना के साथ गठबंधन समय की कसौटी पर खरी उतरी दोस्ती'


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ● फाइल फोटो

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना का गठबंधन समय की कसौटी पर खरी उतरी दोस्ती की तरह है, जो देश के विकास के लिए समान आदर्शों और साझा दृष्टिकोण से बंधे हुए हैं। मोदी ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के सांसद मिलने आए थे।

महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार पदभार संभालने पर बधाई दी तथा उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शिवसेना के सांसदों के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। हमारा गठबंधन कोई राजनीतिक गठबंधन नहीं है। यह समय की कसौटी पर खरी उतरी दोस्ती है, जो समान आदर्शों और भारत के विकास के लिए साझा दृष्टिकोण से बंधी है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लाख ) रुपये में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रेवाड़ी | अटेली निर्वाचन क्षेत्र में गांव ताजपुर से अटेली (आईडी 615), छपरा सलीमपुर से गुवानी (आईडी 643), गढ़ी से रत्ता (आईडी 8461), भीलवाड़ा से नावदी मोड़ (आईडी 8462) और कपूरी से धाणा (7436) तक संपर्क सड़कों की विशेष मरम्मत , जिला. वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के तहत महेंद्रगढ़। + 8 कार्य | 21.06.2024 08.07.2024 | 12.98 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 xenhsamb.rewari@gmail.com |

PRDH-13/2025/60/27337/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


# मप्र में फंदे पर लटके मिले एक ही परिवार के पांच लोगों के शव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, आलीराजपुर :** मध्य प्रदेश के आलीराजपुर जिले के गांव रावड़ी में सोमवार सुबह एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव उनके घर में अलग-अलग फंदों पर लटके मिले। मृतकों में पति-पत्नी, उनके दो बेटे और बेटी हैं। घटना से स्तब्ध ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है, लेकिन पुलिस प्रारंभिक जांच के बाद इसे आत्महत्या मान रही है। मौके पर कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है।

# बिहार में रेलवे ट्रैक धंसा, गमछा दिखा रोकी ट्रेन

**जासं, मुंगेर:** बिहार में जमालपुर-किऊल रेलखंड स्थित धरहरा स्टेशन की महरना केबिन से चंद गज की दूरी पर सोमवार को रेल ट्रैक धंस जाने से एक घंटे ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों ने धंसी पटरी को देखा। उस समय डाउन लाइन से मेमू सवारी गाड़ी आ रही थी। ग्रामीणों ने गमछा और गेट मैन ने लाल झंडा दिखाकर ट्रेन रोकी। हरना समपार फाटक के नजदीक अंडरपास का निर्माण हुआ है। सोमवार को तेज वर्षा के कारण दोनों तरफ की मिट्टी बह गई। इस कारण अप व डाउन ट्रैक पर करीब आठ-10 फीट तक ट्रैक के नीचे धंसाव हो गया।

# अपराध घटित होने की तिथि पुरानी तो पुराने कानून में ही दर्ज होगा मुकदमा

## मामले की जांच और अदालती कार्यवाही के वक्त लागू होगा नया कानून

माला दीक्षित, जागरण

**नई दिल्ली:** देश में अपराधों पर कार्रवाई और आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नए कानून एक जुलाई से लागू हो चुके हैं। ऐसे में एक जुलाई के बाद जो भी अपराध घटित होगा उसकी प्राथमिकी (एफआइआर) पुलिस नए कानून में दर्ज करेगी। नए कानून लागू होने के बावजूद जो अपराध कानून लागू होने की तिथि एक जुलाई से पहले घटित हुआ होगा, उसकी प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) में ही दर्ज होगी चाहे प्राथमिकी एक जुलाई के बाद ही क्यों न दर्ज कराई जाए। ऐसे मामलों में अपराध तो आइपीसी में दर्ज होगा, लेकिन केस की जांच और अदालती कार्यवाही में नया कानून लागू होगा। इस तरह नए कानून लागू होने के बाद भी कुछ समय तक घालमेल बना रहेगा व कानूनी पेंच भी फंसेंगे, जिन्हें अदालतें तय करेंगी और धीरे-धीरे नए कानून स्थिरता ले लेंगे।

अपराध के मामले में संवैधानिक व्यवस्था तय है कि अपराध घटित होने की तिथि पर जो कानून लागू था, उसी के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। यानी एफआइआर किस कानून में दर्ज होगी, यह बात अपराध घटित होने की तिथि पर निर्भर करेगी। सुप्रीम कोर्ट के वकील अभिषेक राय और ज्ञानंत सिंह कहते हैं कि जो एफआइआर एक जुलाई के बाद दर्ज होगी, वह भले ही आइपीसी में दर्ज हुई हो, लेकिन मामले की जांच, चार्जशीट, अदालती कार्यवाही की प्रक्रिया नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रविधानों के मुताबिक होगी। उसमें जो प्रक्रिया और डेटलाइन दी गई है, उसका पालन किया जाएगा। इसके बाद जब आइपीसी में दर्ज मामले में आरोपित की जमानत का मुद्दा कोर्ट पहुंचेगा तो जज जमानत अर्जी पर विचार करते समय यह देखेंगे कि अभियुक्त जिस अपराध में जमानत मांग रहा है वह आइपीसी में जमानती है या गैरजमानती। उसी वक्त जमानत देने की प्रक्रिया में नया कानून लागू करेंगे। एक ही केस में अलग-अलग स्तर पर नए व पुराने कानून का घालमेल थोड़े दिन चलता रहेगा। यही घालमेल आरोपित एवं अभियोजन दोनों को अपने पक्ष में केस को घुमाने की गुंजाइश देगा। ज्ञानंत समझाते हैं कि बात अभियुक्त की निजी स्वतंत्रता को लेकर आएगी और पुराने सीआरपीसी के प्रविधान ज्यादा लाभकारी दिखेंगे तो वकील निश्चित तौर पर सीआरपीसी के लाभकारी प्रविधान को लागू करने की मांग कर सकते हैं क्योंकि घटना एक जुलाई से पहले की है और उस तिथि पर सीआरपीसी लागू थी।

> नए-पुराने कानून के बीच घालमेल की स्थिति में अदालतें व्याख्या करके कानूनी पेंचीदगियां तय करेंगी जो नजीर बनेंगी। कुछ वर्षों तक ऐसा होगा और धीरे-धीरे नया कानून स्थिरता ले लेगा।
> – **ज्ञानंत सिंह**, सुप्रीम कोर्ट के वकील

### भारतीय न्याय संहिता की पुस्तक में त्रुटि सुधारने का दिया निर्देश

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन व जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ ने भारतीय न्याय संहिता 2023 पुस्तक के प्रकाशत यूनिवर्सल लेक्सिस नेक्सिस को त्रुटि सुधार करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा, जब तक त्रुटि सुधार नहीं ली जाती, तब तक पुस्तकों की बिक्री नहीं की जाए। कोर्ट ने कहा है कि नए कानून से संबंधित पुस्तकों में सरकार की ओर से जारी गजट के अनुसार तथ्य मेल नहीं खा रहे हैं।


## North Bihar Power Distribution Company Limited
(Regd. Office : Vidyut Bhawan, Baily Road, Patna)
(Department of Stores & Purchase) CIN NO: U40109BR2012SGC018920
Contact No. : 7763815015 Email- cesnp4.nb@gmail.com
Govt. of Bihar

**NIT No:- 34/PR/NBPDCL/2024**

North Bihar Power Distribution Co. Ltd. (NBPDCL), a Government of Bihar Undertaking, invites online Tender for Supply of 11 KV Polymer Pin Insulator, in Two-tier (Technical and Financial) from eligible and experienced Original Manufacturer registered under company act 1956 or any other act in this regard for NBPDCL & SBPDCL. The Details are as following:-

| SL No. | Name of material | Qty (No's.) | Estimated Cost (In Rs) | Earnest Money (In Rs.) | Tender Cost (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 KV Polymer Pin Insulator | 52,000 no's. (NBPDCL-30,000 no's.& SBPDCL- 22,000 no's) | 1,02,96,000/- | 2,05,920/- | 10,000.00 + Applicable GST @18% extra |

The Time line for the above tender is as follows:

| | |
|---|---|
| Start Date of Online Sale of Bid Document/request of Bid/Bid Documents: | 15.07.2024 , from 11.00 Hrs |
| Last Date of Online Submission of bid along with Tender Cost & processing fees: | 24.07.2024 , up to 18:00 Hrs |
| Last Date of submission of EMD and hard copy of receipt of BSEDCL processing fee & tender cost | 25.07.2024 , up to 13:00 Hrs |
| Date of opening of Techno -Commercial bid(Part-I) | 25.07.2024 , after 15:00 Hrs. |
| Date of Pre-bid Meeting | 19.07.2024 ,at 11:00 Hrs. at office chamber of Chief Engineer (S&P) NBPDCL,3rd floor, Vidyut Bhawan Bailey Road, Patna |

For further details please visit website state.bihar.gov.in/prdbihar
" विवादों के निष्पादन के लिए लोक अदालत का लाभ उठायें "
"परस्पर सहमति से न्यायिक निर्णय प्राप्त करें " "समय एवं खर्च की बचत करें।"
PR- 002912 ( B & C ) 2024-25 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
Electrical Superintending Engineer (S&P) NBPDCL


# अगले साल एक जनवरी से लागू होगी रेलवे की नई समय सारिणी

● रेलवे ने मौजूदा ट्रेन समय सारणी को 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ाया
● रेलवे बोर्ड ट्रेनों की टाइमिंग व रनिंग स्टेटस की कर रहा है समीक्षा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रेलवे की नई समय सारिणी अगले साल एक जनवरी से लागू होगी। रेलवे ने मौजूदा समय सारणी को 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर रेलवे जोनों ने ट्रेनों की मौजूदा समय सारिणी को 31 दिसंबर, 2024 तक बढ़ाने की जानकारी देते हुए सर्कुलर जारी कर दिए हैं।

हर साल रेलवे 30 जून से पहले ट्रेनों की समय सारिणी जारी करता है, जिसे ट्रेन्स एट ए ग्लांस (टीएजी) के नाम से जाना जाता है। यह समय सारिणी एक जुलाई से अगले साल 30 जून तक लागू रहती है।

रेलवे बोर्ड के अधिकारी ने कहा, रेलवे बोर्ड ट्रेनों की टाइमिंग और रनिंग स्टेटस की समीक्षा कर रहा है। रेलवे बोर्ड समय सारिणी को और बेहतर बनाना चाहता है, इसलिए नई समय सारिणी जारी करने की तारीख एक जनवरी, 2025 तक बढ़ा दी गई है। तब तक पुरानी समय सारिणी जारी रहेगी। रेलवे बोर्ड ने 27 जून, 2024 को 17 जोन के सभी महाप्रबंधकों को सर्कुलर जारी कर मौजूदा टीएजी को 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ाने को कहा था। इसके बाद उत्तर मध्य रेलवे ने 28 जून को समय सारिणी को 31 दिसंबर तक बढ़ाने को लेकर सर्कुलर जारी किए।


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. स. | बोर्ड निगम/ प्राधिकरण का नाम | पुरानी संदर्भ /निआसू सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड निगम /प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO 108 EPC-D-108/ PD&C DATED 14.03.2024 | शुद्धिपत्र सं.3/बोलियों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की तिथि में 08.07.2024 को 17.00 बजे तक विस्तार किया गया है एवं 28.06.2024 (प्रकाशन हेतु) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2. | एचवीपीएनएल | QDP NO 1448 NIT NO 1328 DATED 15.03.2024 | ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 08.07.2024 को 17.00 बजे तक बढ़ाई गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3. | एचवीपीएनएल | NIT NO 107 EPC-D-107/ PD&C DATED 13.03.2024 | शुद्धिपत्र सं.3/बोलियों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की तिथि में 08.07.2024 को 17.00 बजे तक विस्तार किया गया है एवं 28.06.2024 (प्रकाशन हेतु) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4. | एचवीपीएनएल | NIT NO 106 EPC-D-106/ PD&C DATED 13.03.2024 | शुद्धिपत्र सं.3/बोलियों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की तिथि में 12.07.2024 को 17.00 बजे तक विस्तार किया गया है एवं 28.06.2024 (प्रकाशन हेतु) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |


PRDH-13/2025/80/27334/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



Govt. of Haryana HSIIDC

# Announces e-Auction of INDUSTRIAL PLOTS in its various Industrial Estates
(under General Category)

| Registration/ EMD Payment Start Date : | Registration/EMD Payment End Date & Time: | Tentative e-Auction Date: |
|---|---|---|
| 20.06.2024 From 9.00 AM | 08.07.2024 At 11.59 PM | w.e.f. 23.07.2024 |



| District | Industrial Estate | Tentative Plot Sizes (SQM)* | Reserve Price (Rs. per sqm) (Tentative)* |
|---|---|---|---|
| Sonipat | IE Barhi | 1800 to 8300 | Rs. 27200/- psm |
| Sonipat | Mega Food Park IE Barhi | 1012.50 to 4275 | Rs. 27200/- psm |
| Rewari | IMT Bawal | 1012.50 to 86850 | Rs. 16300/- psm |
| Sirsa | IE Sirsa | 300 to 1012.50 | Rs. 19400/- psm |
| Jind | IE Narwana | 450 to 2800 | Rs. 14850/- psm |
| Rewari | IE Dharuhera | 450 to 15000 | Rs. 29600/- psm |
| Sonipat | Mega Food Park IE Rai | 1800 to 8700 | Rs. 33250/- psm |
| Sonipat | IE Rai | 4050 to 4400 | Rs. 33250/- psm |
| Panipat | IE Panipat | 450 to 78165 | Rs. 19300/- psm |
| Faridabad | IMT Faridabad | 1012.50 to 15000 | Rs. 35900/- psm |
| Rohtak | IMT Rohtak | 450 to 15000 | Rs. 21600/- psm |
| Rohtak | Mega Food Park IMT Rohtak | 450 to 4050 | Rs. 21600/- psm |
| Karnal | IE Karnal | 250 to 3300 | Rs. 21900/- psm |
| Jhajjar | IE Bahadurgarh | 1012.50 to 8200 | Rs. 42450/- psm |
| Gurugram | Pace City Gurugram | 450 to 3800 | Rs. 72400/- psm |

* Tentative Reserve Price for FY 2024-25. Actual Reserve Price at the time of e-Auction may be higher or lower than the indicated tentative Reserve Price.

e-Auction Portal: http://hsiidc.bidx.in

For further details, the intended bidders may refer the updated 'e-Auction Brochure' available on website of the Corporation at www.hsiidc.org.in / e-Auction portal http://hsiidc.bidx.in

Criteria for decision regarding H-1 bids received may be referred at website www.hsiidc.org.in (https://hsiidc.org.in/acts-rules-and-policies/estate-management-procedure) as well as e-Auction portal/website - https://hsiidc.bidx.in

Haryana State Industrial & Infrastructure Development Corporation
Regd. Office: C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, Ph. 0172-2590481-83, E-mail: contactus@hsiidc.org.in, Website: hsiidc.org.in


********

नई दिल्ली, मंगलवार
2 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



जून में 1.74 लाख करोड़ रहा जीएसटी संग्रह 10
टी-20 विश्वकप की सर्वश्रेष्ठ टीम में रोहित सहित छह भारतीय 12

## अंदर पढ़ें

### आज और कल फिर भारी वर्षा के आसार

**नई दिल्ली :** शुक्रवार के बाद मंगलवार और बुधवार को भी राजधानी में मध्यम से भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन भर बादल छाए रहेंगे। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलेगी। इससे तापमान में भी कई डिग्री की गिरावट आ सकती है। • पेज 4

### केजरीवाल पहुंचे हाई कोर्ट, सीबीआइ कार्रवाई को चुनौती

**नई दिल्ली :** आबकारी घोटाला मामले में सीबीआइ द्वारा की गई गिरफ्तारी और बाद में दी गई रिमांड को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। सोमवार को दायर की गई याचिका को न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। • पेज 5

### जून में 11% कम वर्षा, इस माह अधिक होने के आसार

**नई दिल्ली :** देश में जून में सामान्य से 11 प्रतिशत कम वर्षा हुई। यह पिछले पांच साल में इस माह में सबसे कम है। मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में अब जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। • पेज 10

### सबसे ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटक भारत ने बनाया

**नई दिल्ली :** भारत ने दुनिया का सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु विस्फोटक बनाने में कामयाबी हासिल की है। यह विस्फोटक ट्राइनाइट्रोटोलुइन की तुलना में दोगुने से भी अधिक घातक है। इस विस्फोटक को सेबेक्स 2 नाम दिया गया है। • पेज 14

### आस्ट्रेलिया में छात्र वीजा शुल्क दोगुने से अधिक

**सिडनी :** आस्ट्रेलिया में पढ़ाई के लिए भारतीयों समेत विदेशी छात्रों को अब अधिक खर्च करना होगा। आस्ट्रेलिया ने सोमवार से अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा शुल्क में दोगुने से अधिक बढ़ोतरी कर दी। • पेज 14

### भारतीय सेना आत्मनिर्भर बनने को तत्पर : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना बदलाव के पथ पर है और आत्मनिर्भर बनने के लिए तत्पर है। चूंकि, भारतीय सेना देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। • पेज 14

# पुरी की पत्नी को 50 लाख हर्जाना दें तृणमूल सांसद गोखले


लक्ष्मी पुरी

- लक्ष्मी पुरी के मानहानि मुकदमे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनाया निर्णय
- परमाणु प्रतिक्रिया से कम खतरनाक नहीं है इंटरनेट मीडिया : हाई कोर्ट


साकेत गोखले

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की पत्नी व पूर्व राजनयिक लक्ष्मी पुरी द्वारा दायर मानहानि मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले को 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश देते हुए अहम टिप्पणियां की हैं। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने वाले तथ्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर संदेश शृंखलाबद्ध तरीके से प्रसारित होते हैं, जो कि नियंत्रण से बाहर हो गई परमाणु प्रतिक्रिया (एटामिक रिएक्शन) से कम खतरनाक नहीं है। पीठ ने माना कि गोखले द्वारा लगाए गए आरोप झूठे हैं।

इस टिप्पणी के साथ ही अदालत ने गोखले को एक प्रमुख समाचारपत्र व अपने एक्स हैंडल पर आठ सप्ताह के भीतर माफीनामा प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। लक्ष्मी पुरी ने मुकदमा दायर कर आरोप लगाया था कि वर्ष 2021 में साकेत गोखले ने अपने ट्विटर (अब एक्स) हैंडल पर पुरी द्वारा स्विट्जरलैंड में खरीदी गई संपत्ति का जिक्र किया था और उनकी और उनके पति की संपत्ति को लेकर सवाल उठाए थे। अदालत ने कहा कि गोखले ने इस मुद्दे को इसलिए नहीं उठाया कि उन्हें लक्ष्मी पुरी के वित्तीय मामलों में दिलचस्पी थी, बल्कि उन्हें केंद्र में मंत्री उनके पति हरदीप पुरी में दिलचस्पी थी।

अपमानजनक पोस्ट के माध्यम से साकेत गोखले ने दावा किया कि वादी लक्ष्मी पुरी और उनके पति हरदीप पुरी ने गलत तरीके से अर्जित संपत्ति के माध्यम से अपार्टमेंट हासिल किया था। अदालत ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक पद को संभालने के लिए वित्तीय नैतिकता और ईमानदारी एक अनिवार्य शर्त है। बहुत कम आरोप वित्तीय अनियमितता के आरोप से अधिक सार्वजनिक कार्यालय से जुड़े व्यक्ति को चोट पहुंचाने वाले हो सकते हैं। ऐसे मामलों में गलत सूचना को दूर करना भी लगभग असंभव है। अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि गोखले के पोस्ट अपने आप में मानहानिकारक हैं और लक्ष्मी पुरी की प्रतिष्ठा को अवांछित कानूनी चोट पहुंचाई है।

जुलाई 2021 में अदालत ने एक अंतरिम आदेश पारित कर गोखले को अपमानजनक पोस्ट हटाने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही उन्हें आगे पुरी दंपती के खिलाफ कोई भी अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने से भी रोक लगाई थी। पुरी ने मुकदमे में दावा किया था कि गोखले के पोस्ट मानहानिकारक, दुर्भावनापूर्ण और गलत जानकारी पर आधारित थे। तर्क दिया था-गोखले ने झूठा दावा किया था कि भारत सरकार से व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) में प्रतिनियुक्ति पर होने से उनकी आय केवल 10-12 लाख रुपये हो सकती थी।

# मेधा पाटकर को पांच महीने की सजा


मेधा पाटकर • वीडियोग्रैब/एएनआइ

- वीके सक्सेना से जुड़े 23 वर्ष पुराने आपराधिक मानहानि मामले में साकेत कोर्ट ने सुनाया फैसला
- 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, दिल्ली के उपराज्यपाल ने दर्ज कराया था मुकदमा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को आपराधिक मानहानि के मामले में पांच महीने साधारण कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पाटकर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। यह मामला 25 नवंबर, 2000 का है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना उस समय अहमदाबाद स्थित काउंसिल फार सिविल लिबर्टीज नामक एनजीओ के प्रमुख थे। मेधा पाटकर ने तब एक बयान में वीके सक्सेना पर हवाला के जरिये लेनदेन करने का आरोप लगाया था और उन्हें कायर कहा था। उस समय पाटकर ने कहा था-सक्सेना गुजरात के लोगों और उनके संसाधनों को विदेशी हितों के लिए गिरवी रख रहे हैं। सोमवार को फैसला सुनाते हुए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने कहा कि पाटकर की उम्र और स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें एक या दो साल की अत्यधिक सजा नहीं दी जा रही है।

कोर्ट ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का मौका देने के लिए एक महीने के लिए सजा निलंबित कर दी है। पाटकर ने जमानत अर्जी दाखिल कर दी है। इससे पहले कोर्ट ने सात जून को सजा की अवधि पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा था, "ये साफ हो गया है कि आरोपित मेधा पाटकर ने सिर्फ प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ गलत जानकारी के साथ आरोप लगाए।"

### 2003 में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से दिल्ली ट्रांसफर किया था केस

मेधा पाटकर के खिलाफ वीके सक्सेना ने आपराधिक मानहानि का मुकदमा अहमदाबाद की कोर्ट में 2001 में दायर किया था। गुजरात के ट्रायल कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2003 में मामले को सुनवाई के लिए गुजरात से दिल्ली की साकेत कोर्ट में ट्रांसफर किया था।

# नए कानूनों के तहत सुप्रीम कोर्ट तक से तीन वर्ष के भीतर मिलेगा न्याय : शाह

## तीनों कानूनों को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया खारिज


नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते गृह मंत्री • प्रेट्र

- कहा, तीन-चार वर्षों में पूरी तरह लागू हो पाएंगे तीनों कानून
- पुलिस हिरासत पुराने कानून की तरह सिर्फ 15 दिन की

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** तीनों नए आपराधिक कानूनों को पास कराने पर फैलाए जा रहे भ्रम को खारिज करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आजादी के बाद सबसे अधिक विचार-विमर्श इन्हीं कानूनों को लेकर हुआ है। उन्होंने संसद में पर्याप्त चर्चा नहीं होने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि लोकसभा में 9:29 घंटे और राज्यसभा में 6:17 घंटे चर्चा के बाद इन्हें पास किया गया। इससे पहले चार वर्षों तक अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा की गई। सरकार अब भी किसी नए सुझाव पर विचार करने को तैयार है। नए कानूनों में त्वरित ट्रायल के प्रविधान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पूरी तरह लागू होने के बाद नए कानूनों के तहत तीन वर्ष में सुप्रीम कोर्ट तक से सजा सुनिश्चित की जा सकेगी। नए कानून के तहत पहला केस रात 12:10 बजे ग्वालियर के एक थाने में मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

शाह के अनुसार, तीनों कानूनों में से भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तो 30 जून और एक जुलाई की रात 12 बजे से लागू हो गई है। वहीं, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत जांच सुनिश्चित करने के लिए आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने का काम पूरी गति से चल रहा है। नए कानून के तहत सात वर्ष से अधिक सजा के मामले में फोरेंसिक जांच अनिवार्य है। इसी तरह से ई-बयान और ई-पेशी का भी प्रविधान है। जैसे-जैसे आधारभूत संरचना का निर्माण होता जाएगा, थाने, जिले और राज्य को पूरी तरह से नए कानूनों पर चलने की घोषणा की जाती रहेगी। उनके अनुसार, अगले तीन-चार वर्ष में देशभर में तीनों कानून पूरी तरह से लागू हो जाएंगे। इससे 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में आरोपितों को सजा सुनिश्चित की जा सकेगी।

हिंदी भाषा में कानूनी शब्दावलियों के प्रयोग पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की आपत्ति के बारे में शाह ने कहा कि तीनों कानून संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 24 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इसके बावजूद यदि किसी का कोई सुझाव है तो वह उस पर विचार को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार 140 करोड़ भारतीयों को दंड के बजाय न्याय आधारित आपराधिक न्यायिक प्रणाली मिल रही है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और न ही भ्रम फैलाया जाना चाहिए। नए कानून में आरोपित के 60 दिन की पुलिस हिरासत के प्रविधान को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें आरोपित की 15 दिन की पुलिस हिरासत का ही प्रविधान है, जैसा पुराने कानून में था। पुलिस 60 दिन के भीतर आरोपित की कभी भी 15 दिन के लिए रिमांड मांग कर सकती है। संबंधित » पेज 5

### पीड़ित को सुने बिना वापस नहीं लिया जा सकेगा केस

सीआरपीसी की धारा-321 के तहत फैसला सुनाए जाने से पहले अभियोजकों को अदालत की अनुमति से किसी भी समय केस वापस लेने की अनुमति थी और इस चरण में पीड़ित को सुने जाने का कोई प्रविधान नहीं था। लेकिन, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-360 में यह प्रविधान किया गया है कि केस वापस लेने की अनुमति देने से पहले पीड़ित को सुना जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि नए कानून में पीड़ितों को आपराधिक प्रक्रिया में अपनी बात रखने, सूचना का अधिकार और विभिन्न धाराओं के माध्यम से पीड़ितों को हुए नुकसान के मुआवजे का अधिकार देने के लिए भागीदारी के अधिकार दिए गए हैं। बीएनएसएस के तहत पीड़ितों को एफआइआर की प्रति लेने का अधिकार होगा और पुलिस को उन्हें 90 दिनों के भीतर जांच में प्रगति के बारे में सूचित करना होगा, लिहाजा पीड़ित को जांच में संभावित चूक व देरी के बारे में पता चल सकेगा।

# ग्रेस मार्क्स पाने वाला कोई भी छात्र नीट यूजी में नहीं हासिल कर सका 720 अंक



- 1,563 छात्रों का एनटीए ने फिर से जारी किया रिजल्ट
- इनमें 813 छात्र ही फिर से परीक्षा में हुए थे शामिल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** मेडिकल में दाखिले से जुड़ी नीट-यूजी में गड़बड़ी को लेकर मचे बवाल के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को संशोधित परिणामों की घोषित कर दिए। परिणाम आने के बाद शीर्ष रैंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 67 से घटकर 61 रह गई है। दोबारा परीक्षा देने वाले पांच छात्रों में से कोई भी 720 अंक प्राप्त नहीं कर सका। इन छात्रों को कितने अंक मिले, एनटीए ने इसकी जानकारी नहीं दी है। एनटीए के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था कि 67 छात्रों ने पूर्ण 720 अंक प्राप्त किए थे।

संशोधित परिणाम की घोषणा 1,563 छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने के बाद की गई। इन छात्रों को पहले पांच मई को छह केंद्रों पर देर से परीक्षा शुरू होने के कारण समय की हानि की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। इसमें 720 अंक पाने वाले छह उम्मीदवार ऐसे थे, जिन्हे ग्रेस मार्क्स मिले थे। इनमें से पांच ने दोबारा परीक्षा देने का विकल्प चुना, जबकि एक ने बिना ग्रेस मार्क्स वाले अंकों का विकल्प चुना। एनटीए से इस संबंध में संपर्क भी किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

इनमें 813 ऐसे छात्र भी है, जिन्होंने फिर से 23 जून को आयोजित की गई नीट-यूजी में हिस्सा लिया था। हालांकि, इनमें से जिन छात्रों ने परीक्षा नहीं दी है, उनका बगैर ग्रेस मार्क्स के रिजल्ट जारी किया गया है। एनटीए ने ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों का नए सिरे से रिजल्ट जारी करने की जानकारी के साथ परीक्षा में शामिल सभी छात्रों की रैंकिंग भी नए से जारी करने की जानकारी दी है। हालांकि, उसकी ओर से यह नहीं बताया गया है कि इससे टापर्स और रैंकिंग में कितना बदलाव आया है। एनटीए ने 1563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स को रद करने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में पूरे मामले को पहुंचने के बाद दिया था। साथ ही इन सभी छात्रों को फिर से परीक्षा का विकल्प दिया गया था। संबंधित » पेज 10

### बिना ग्रेस के 640 अंक लाने वाली अंजलि के आए 677 अंक

**जागरण संवाददाता, झज्जर :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ग्रेस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए 23 जून को आयोजित हुई नीट की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल व केंद्रीय विद्यालय के लिए अलाट हुए 494 विद्यार्थियों में से करीब 58 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दोबारा से यह परीक्षा दी थी। पिछले परिणाम में रैंक 1 हासिल करने वाली अंजलि ने बगैर ग्रेस 640 अंक हासिल किए थे। दोबारा परीक्षा देने पर उन्होंने 677 अंक प्राप्त किए हैं। रैंक 1 पर रहने वाले कृष के पिछली बार से पांच अंक कम आए हैं। कृष के पिता धर्मेंद्र छिल्लर ने बताया, बेटे के 637 अंक आए हैं। परीक्षा वाले दिन भी कृष ने बताया था कि उसके कैमिस्ट्री में दो प्रश्न छूटे हैं। दूसरा, वह पांच मई को हुई परीक्षा के बाद से पढ़ाई के ज्यादा संपर्क में भी नहीं था। गौरतलब है कि डीएवी पुलिस पब्लिक में 312 में से 178 व केंद्रीय विद्यालय में 182 में से 109 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 207 विद्यार्थी अनुपस्थित होने से समझा जा सकता है कि इन विद्यार्थियों ने बगैर ग्रेस वाले अपने पिछले स्कोर को स्वीकार कर लिया था।

## सप्तरंग

अंतस और अध्यात्म का



मन की अवस्था लाती है जीवन में प्रसन्नता

जगत के नाथ की मानवोचित लीला

• जागरण सिटी

## jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

### क्या-क्या बोले राहुल

संविधान की कापी, शिव की तस्वीर फिर हिंदुओं पर बयान, जोरदार हंगामे के बीच राहुल गांधी क्या-क्या बोले?

# मतांतरण की अनुमति दी गई तो बहुसंख्यक आबादी हो जाएगी अल्पसंख्यक : हाई कोर्ट

- कहा-मतांतरण कराने वाले धार्मिक सभाओं पर तुरंत रोक लगे
- धार्मिक आयोजनों से गरीबों को गुमराह कर ईसाई बनाया जा रहा
- मतांतरण के आरोपित कैलाश की जमानत अर्जी खारिज



"मतांतरण करने वाली धार्मिक सभाओं पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत लोगों को धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट है, लेकिन धर्म बदलवाने की अनुमति नहीं है। - इलाहाबाद हाई कोर्ट

**विधि संवाददाता, जागरण • प्रयागराज :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मतांतरण (धर्मांतरण) को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि यदि धार्मिक सभाओं में धर्मांतरण की प्रवृत्ति जारी रही तो एक दिन भारत की बहुसंख्यक आबादी ही अल्पसंख्यक हो जाएगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने हिंदुओं को ईसाई बनाने के आरोपित मौदहा हमीरपुर के कैलाश की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए सोमवार को यह आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि लोगों को धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट है, लेकिन धर्म बदलवाने की अनुमति नहीं है। ऐसे आयोजन संविधान के अनुच्छेद 25 द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के विरुद्ध हैं। यह अनुच्छेद किसी को भी धर्म मानने व पूजा करने व अपने धर्म का प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है। धर्म प्रचार की स्वतंत्रता किसी को धर्म परिवर्तन कराने की अनुमति नहीं देती। कोर्ट ने कहा कि जानकारी में आया है कि उत्तर प्रदेश में धार्मिक आयोजनों से गरीब लोगों को गुमराह कर ईसाई बनाया जा रहा है। ऐसे में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप की गंभीरता को देखते हुए याची को जमानत नहीं दी जा सकती। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

रामकली प्रजापति ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसका भाई मानसिक रूप से बीमार था, जिसे याची एक हफ्ते के लिए दिल्ली ले गया। उसने कहा कि इलाज कराकर गांव वापस भेज देंगे, लेकिन वापस नहीं भेजा। इसके बाद जब आया तो गांव के अन्य लोगों को दिल्ली में आयोजित समारोह में ले गया। जहां उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित कर दिया गया। मतांतरण कराने के बदले पैसे दिए जाते हैं। याची पर आरोप गंभीर है। उसने गांव के तमाम लोगों को ईसाई बना दिया है।

Yogi Adityanath
Chief Minister, Uttar Pradesh
Azadi Ka Amrit Mahotsav
Nand Gopal Gupta 'Nandi'
Minister of Industrial Development
Uttar Pradesh
Jaswant Saini
Minister of State for Industrial Development
Uttar Pradesh

Prime Investment Opportunity!
Discover Greater Noida's Growth Potential with Builder Plots

Builder PLOTS through e-Auction on-Line Bidding
(Scheme Code: BRS-1/2024-25)

SALIENT FEATURES
• Proximity to Noida International Airport • Easy access to Eastern & Western • Dedicated Freight Corridors • Best planned city in NCR • Expressways providing excellent Multi-city Connectivity • Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity • World-class civic amenities

GNIDA announces e-Auction for the allotment of Builder Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.
How to participate/other details: Interested parties will need to sign up and obtain user ID and password on the portal https://etender.sbi as well as deposit Documents. Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.
The brochure containing details of plots procedure, terms & conditions of e-Auction is available on our website www.greaternoidaauthority.in and the web portal https://etender.sbi

BUILDER PLOTS

| S. No. | Plot No. | Sector | Area of Plot (in sqm.) | Total Reserve Price of Plot (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GH-02E | Mu | 18215.00 | 92,84,14,900/- |
| 2 | GH-01 & GH-01A | Omicron-1A | 30470.52 | 1,47,69,31,048/- |
| 3 | 151 | Sigma-III | 30000.00 | 1,45,31,40,000/- |
| 4 | GH-04 | Alpha-II | 3999.80 | 23,97,60,011/- |
| 5 | 09, Chorosia Estate | P I I & II | 16276.70 | 91,06,16,258/- |

It will be the sole responsibility of the bidder/participant to obtain a compatible computer terminal with internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process for any reasons thereof.
Authority reserves the right to accept or reject one or all the bids or cancel/postpone the e-auction without assigning any reason.

Plots clear from all encumbrances | Lease plans are ready | Possession within 30 days | Allotment will be made on "as is where is basis"

Brochure Download & Registration Start 02.07.2024 | 3 PM
Registration End Date & Time 23.07.2024 | 5 PM
Last Date of Registration, EMD Processing Fee Deposit 26.07.2024 | 5 PM
Last Date of Final Submission of Documents 29.07.2024 | 3 PM
E-Auction Date & Time To be Notified Separately

For corrigendum/addendum please refer to website www.greaternoidaauthority.in
Don't miss the opportunity, please visit One Map Greater Noida for plots location details.

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in
Follow us on /OfficialGNIDA

Pearl Academy
BBA & MBA
DEGREE* PROGRAMS
Fashion and Lifestyle Business Management
Global Luxury Brand Management
Global Immersion# | Start-Up Support
TOP RECRUITERS
Emporio Armani | Bottega Veneta | Coach | Gucci
JJ Valaya | GAP | Puma | Tommy Hilfiger | Vaishali S
and more...
BBA Degree Program : Class 12th marks and CUET scores accepted^
MBA Degree Program: CAT, MAT and NMAT scores accepted^
Merit-Based Scholarship Available**
APPLY BY: 7TH JULY'24
www.pearlacademy.com | 1800 103 3005
Bengaluru | Delhi-South | Delhi-West | Jaipur | Mumbai
EXPLORE MORE
#For all Bachelor's Student
**T&C Apply ^For direct personal interview round
*From Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development (Recognised University of National Importance)

*********

# AMITY UNIVERSITY GURUGRAM

RANKED **AMONGST THE TOP 100 UNIVERSITIES IN INDIA 2023**

NIRF NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

RANKED **#1 PVT. MULTI-DISCIPLINARY UNIVERSITY IN NORTH ZONE (DELHI-NCR) 2021** BY THE WEEK

RANKED IN BAND **EXCELLENT 2022** BY ARIIA

ARIIA ATAL RANKING OF INSTITUTIONS ON INNOVATION ACHIEVEMENTS

(NOW NIRF INNOVATION RANKINGS UNDER MoE)

AMITY SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, RANKED **#5 IN NORTH ZONE 2024**

TIMES ENGINEERING

*AMONGST THE TOP ENGINEERING INSTITUTES BY THE TIMES OF INDIA*

RANKED **TOP PVT. UNIVERSITY OF HARYANA** BY INDIA TODAY

*INDIA'S BEST UNIVERSITIES (June'17 Issue)*

## AMITY GURUGRAM
## YOUR NEXT LEVEL OF SUCCESS STARTS HERE

AMITY SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY RANKED **#8 IN NORTH ZONE 2023** BY DATAQUEST

*TOP T SCHOOL RANKINGS (Mar.'23 Issue)*

RANKED **#32 GLOBALLY FOR AFFORDABLE & CLEAN ENERGY**

**#63 IN THE WORLD FOR CLEAN WATER & SANITATION** BY TIMES HIGHER EDUCATION

THE IMPACT RANKINGS 2023

AMITY BUSINESS SCHOOL RANKED AMONGST **INDIA'S TOP 10 PVT. B.SCHOOLS THIRD TIME IN A ROW 2022, 2023 & 2024** BY THE TIMES OF INDIA

THE TIMES OF INDIA

TIMES B-SCHOOL RANKINGS

RANKED **BEST PRIVATE UNIVERSITY OF HARYANA** BY CMAI 2014

### SUPERCHARGING CAREERS & PLACEMENTS
- Student Committee on Placements (SCOP) to facilitate campus placements
- Unique 3-tier mentorship by a corporate leader, alumni & faculty for enhanced career guidance
- Career networking opportunities with 700,000+ well-heeled alumni
- Market driven curricula designed in consultation with Industry Advisory Boards
- Collaboration with diverse corporates across business horizons
- Experiential learning through live projects, industrial visits etc.

### RESEARCH DRIVEN EXCELLENCE
- Faculty have filed 254 patents, authored 714 books/ chapters and published 6,678 research papers
- Students' innovation initiatives like solar car, bio-arm, gyroscopically controlled aircraft, quadcopter amongst others
- 104 Government funded research projects undertaken & 684 submitted in partnership with CSIR, ICMR, DST, BRNS, NISE, MGIRI, AMT (USA)
- Socio-economic initiatives: Kiran Mazumdar Shaw Centre for Affordable Innovations; Mohd. Yunus Social Business Centre; Kailash Satyarthi Centre for Child Rights

### NEW-AGE WORLD CAMPUS
- Modern library with 56,000 books and 110 Journals
- 2,160 Seater on-campus hostel
- 3,000 Seater auditorium
- 1.3 Gbps wi-fi smart campus
- 20 Acre sports complex with facilities for tennis court, cricket field, football ground, etc.
- Campus awarded LEEDS (USA) Platinum Certification

810+ Distinguished faculty, scientists and staff

200+ Hi-tech labs & learning studios

Overseas prestigious placements in 2024 in Japan, Dubai, UK...

37+ Student start-ups incubated by campus incubator

19 Centres of Excellence for Stem Cells, Financial Analytics, AI, BRICS Studies, Bio-fuels....

5 - Week Study Abroad Program at Amity campuses in New York, Singapore, London, Dubai or Melbourne

CEO Dinner Series, Industry Mentorship & Conversation Programs

Tie-ups for skills development with IBM, Oracle, Sun Microsystems...

Student Clubs like Udaan, Ek Awaaz, Saakar etc. for round-the-year social, literary & cultural activities

### AMITY MERIT SCHOLARSHIPS

| Scholarship | UG 10+2 | PG 10+2 | PG Grad. |
|---|---|---|---|
| 100% | 90% | 80% | 80% |
| 50% | 85% | 85% | 75% |
| 25% | 80% | - | - |

MBA

| Scholarship | Percentile (CAT/MAT) | Score GMAT/ GRE |
|---|---|---|
| 100% | 90 | 650/161 |
| 50% | 85 | 600/157 |
| 25% | 80 | 500/152 |

*Ph.D programmes also available*

### 2024 SESSION ADMISSIONS OPEN
FOR UG & PG PROGRAMMES IN THE FOLLOWING DOMAINS

- ANIMATION
- APPLIED SCIENCES
- ARCHITECTURE
- ARTIFICIAL INTELLIGENCE
- ATMOSPHERIC TECH. & Sc.
- BANKING & FINANCE
- BIOTECHNOLOGY
- BUSINESS ANALYTICS
- COMMERCE
- COMPUTER SCIENCE/ IT
- DATA SCIENCE
- DEFENCE TECHNOLOGY
- EARTH & ENVIRONMENTAL SCIENCE
- ECONOMICS
- ENGINEERING
- ENGLISH LITERATURE
- FASHION DESIGN
- FINE ARTS
- FOREIGN LANGUAGES
- FORENSIC SCIENCES
- HOTEL MANAGEMENT
- INTEGRATED SCIENCES & HEALTH
- INTERIOR DESIGN
- LAW
- LIBERAL ARTS
- MANAGEMENT
- MEDIA & COMMUNICATION
- MEDICAL
- MOLECULAR & STEM CELL TECHNOLOGY
- PHARMACY
- PSYCHOLOGY
- TRAVEL & TOURISM

FOR ADMISSIONS, APPLY AT:
**www.amity.edu/gurugram**
BY: **20th July 2024**
OR SCAN THE QR CODE

**HELPLINE : 7303-399-399**




**FOR OPEN HOUSE SESSION AT CAMPUS (SATURDAY OPEN), REGISTER AT: www.amity.edu/gurugram/openhouse**

AMITY UNIVERSITY GURUGRAM, AMITY EDUCATION VALLEY, GURUGRAM, MANESAR | E: admissions@ggn.amity.edu


********

हरियाणा सरकार



"गांवों के विकास से जुड़े हर कार्य में पंचायत की अहम भूमिका होती है। सशक्त पंचायतें हमारे समृद्ध गांवों की पहचान हैं। हमारा ध्येय इनके अधिकारों में वृद्धि करके इन्हें और सक्षम बनाना है।"
- नायब सिंह

"हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पंख देने के लिए काम करती रहेगी।"
- नरेन्द्र मोदी



# शक्तियों का विकेन्द्रीकरण
# पंचायतों का सशक्तिकरण

## राज्य स्तरीय पंचायती राज एवं सरपंच सम्मेलन

मुख्य अतिथि
### श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता
### श्री महिपाल ढांडा
राज्य मंत्री, विकास एवं पंचायत (स्व.प्र.), हरियाणा

**दिनांक**
2 जुलाई, 2024
**समय**
दोपहर 1:00 बजे
**स्थान**
ऑडिटोरियम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र




कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**प्रदेशभर के सरपंच इस सम्मेलन में सादर आमंत्रित हैं**

विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


********



अमरेश्वर धाम
स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती
अटल पीठाधीश्वर


## सनातन की अमर यात्रा

**अमरनाथ यात्रा आरंभ हो चुकी है। भगवान अमरनाथ की यह यात्रा जहां सृष्टि की अमरता का दर्शन कराती है, वहीं सृष्टि विन्यास का बोध भी कराती है...**



ऊबड़-खाबड़ रास्ते और बर्फ से ढकी चोटियां। अध्यात्म की भूमि हिमालय की ऊंची चोटी पर गुफा में हिम स्वरूप में विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन से अमरत्व की राह प्रशस्त करने की चाह में सब कष्टों को सहते हुए श्रद्धालु निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं। स्कंद पुराण में बताया गया है कि अमरेश तीर्थ सब पुरुषार्थों का साधक है, वहां महादेव शिव देवी पार्वती के संग निवास करते हैं।

भगवान अमरनाथ की यह यात्रा जहां सृष्टि की अमरता का दर्शन कराती है, वहीं सृष्टि विन्यास का बोध भी कराती है। इसी कारण यह यात्रा मंगलकारी तो है ही, साथ ही यह मनुष्य को आत्मबोध कराकर मोहमाया से मुक्त होने का मार्ग भी प्रशस्त कराती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी गुफा में भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व की कथा सुनाई थी। इससे पूर्व मार्ग में उन्होंने गले में विराजे शेषनाग, सवारी नंदी, ललाट पर सुशोभित चंद्रमा को भी छोड़ दिया और श्रीअमरनाथ की गुफा की ओर बढ़ते गए। यहां पहुंचकर उन्होंने पंचतत्वों आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी का भी परित्याग कर दिया। ऐसा कर उन्होंने यह संदेश दिया कि सब त्यागकर ही अमरता की यात्रा संभव है। आवश्यक है कि देह के प्रति अभिमान भी समाप्त हो जाए। हम बाहरी वैभव का परित्याग कर अपने भीतर अमरता के विराट सौंदर्य को रचें। यही जीवन का सत्य है और यही शिव भी। यह यात्रा हमें ईश्वर के अविनाशी स्वरूप से एकाकार होने की प्रेरणा देती है। शरीर नाशवान है और आत्मा अमर, इसे स्वीकारते हुए, हम अमरता के पथ का वरण करें।



अगले मंगलवार को पढ़ें मोरारी बापू का चिंतन...

### सप्ताह के व्रत त्योहार


2 जुलाई, मंगलवार : योगिनी एकादशी व्रत
3 जुलाई, बुधवार : प्रदोष व्रत
5 जुलाई, शुक्रवार : स्नान-दान-श्राद्धादि की अमावस्या
7 जुलाई, रविवार : जन्नाथपुरी रथयात्रा आरंभ



जीवन दर्शन
श्री श्री रवि शंकर
आर्ट आफ लिविंग के प्रणेता
आध्यात्मिक गुरु

# मन की अवस्था लाती है जीवन में प्रसन्नता

**अपेक्षाएं हमारी प्रसन्नता में बाधक होती हैं, लेकिन ये स्वाभाविक हैं। जब प्रत्येक परिस्थिति के बीच रहते हुए भी हमारी बुद्धि उससे अलिप्त हो जाती है, तब हम सहज ही प्रसन्न रहते हैं...**



जो हो रहा है, उसे ईश्वर पर छोड़ देने से दुख पास नहीं आएगा। ● जागरण आर्काइव

दीपक की एक छोटी-सी टिमटिमाती लौ हल्की-सी हवा में बुझ जाती है, लेकिन यदि आग बड़ा रूप धारण कर ले तो उसे कोई जल्दी बुझा नहीं पाता। हमारी प्रसन्नता भी ऐसी ही है, जो अक्सर नकारात्मक बातों या घटनाओं की हवा से बुझ जाती है। प्रसन्नता पाने के लिए सत्संग अवश्य करना चाहिए, क्योंकि जब आप ज्ञान की बातें करते हैं तो वे बातें चेतना में रहती हैं, नहीं तो सारी छोटी-छोटी नकारात्मक बातें मन में घूमती रहती हैं। जीवन में रोना-धोना, सुख-दुख तो आते-जाते रहते हैं, मगर यह जान लेना चाहिए कि 'मैं एक विशाल मन का एक छोटा-सा अंग हूं'। यह सजगता आप में अथाह सहनशक्ति और ताकत लाती है।

मन में अपेक्षाएं उठना सामान्य बात है। यदि अपेक्षाएं उठ रही हैं तो यह सोचकर कि अपेक्षाएं उठना गलत बात है, उसे दबाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। जो जिस समय जैसा है, उसको वैसा ही देखें और आगे बढ़ते जाएं। यही मुक्ति है। आप तभी मुक्त हो पाएंगे, जब आपका मस्तिष्क किसी भी परिस्थिति में लिप्त न हो, क्योंकि जब मस्तिष्क किसी चीज में अटक जाता है, तब हम कहने लगते हैं कि 'यह ऐसे होना चाहिए, वह ऐसा नहीं होना चाहिए। यह हो रहा है, यह नहीं हो रहा है... आदि।' जिस प्रकार जब हलवा पक जाता है तो कढ़ाई में चिपकता नहीं है, इसी तरह जब हर परिस्थिति के बीच में रहते हुए भी हमारी बुद्धि अलिप्त हो जाती है, तब हम सहज ही प्रसन्न रहते हैं।

अपेक्षाएं अपने आप उठती हैं। यदि अपेक्षाएं पूरी हो जाती हैं, तब भी सही है और यदि नहीं पूरी हो पातीं तो उसमें भी ईश्वर की कृपा है। जब हम इस बात के प्रति सजग हो जाते हैं तो बिल्कुल मक्खन जैसे हो जाते हैं। जब आप मक्खन को पानी में या दूध में डालते हैं तो वह तैरता है, उसी प्रकार अपने मन को भी नवनीत और प्रसन्न बनाए रखिए।

कहा जाता है कि जीवन में यदि आपके मन के अनुसार काम हुआ तो अच्छा है और अगर नहीं हुआ तो और भी अच्छा है, मगर इसका अर्थ यह नहीं है कि आप कुछ करें ही नहीं! यदि आप यही सोचकर बैठे रहें कि 'सब भगवान कर देते हैं' तो यह ज्ञान का दुरुपयोग है। जो होता है, उस पर आपका अधिकार नहीं है, मगर जो करना है, उस पर पूरा अधिकार है। इसलिए जो करना है, उसमें अपना शत प्रतिशत लगाएं। लेकिन हम आम तौर पर इसके विपरीत करते हैं। जब कुछ 'करने' की बात होती है, तो कहते हैं कि जो भगवान कराते हैं, 'वही' होता है और जो 'होता' है, उस पर कर्तृत्व भाव लगाकर कर्तापन ले आते हैं। इनके पार्थक्य को जानना-समझना ही विवेक है। यह समझ में आ जाए कि जो होना है, वह प्रभु की इच्छा है, तब आप दुखी नहीं होंगे। जो हो रहा है, उसे ईश्वर पर छोड़ने से दुख नहीं होगा।


यदि हम पर कोई मुसीबत आई है, तो इसके लिए संभव है कि हमने ही बीज बोया होगा। यदि बबूल का बीज बोया है तो बबूल के कांटे ही मिलेंगे, मगर ऐसी परिस्थिति के सामने भी घबराना नहीं चाहिए। तब सोचना चाहिए कि अब क्या करना है? उस स्थिति में बबूल के पेड़ से बचकर रहना चाहिए, ताकि उसके कांटे हमें न चुभें। इस प्रकार हम 'अभी' वर्तमान में जो कर सकते हैं, उसे करना चाहिए। यह सोचकर कि बबूल का पेड़ क्यों हुआ? दुखी होना नासमझी है। बबूल के पेड़ से बचकर रहना हमारा कर्तव्य है। यदि यह बात हम सबको समझ में आ जाए, तो हम निश्चित हो जाते हैं। हमारे मन में शांति छा जाती है और फिर कोई भी शक्ति हमारी प्रसन्नता को प्रभावित नहीं कर सकती।

लेख विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

## वर्ग पहेली- 2678

**बाएं से दाएं**
2. पुराना समय, बीता हुआ (3)।
4. चरमसीमा, सीमांत (4)।
6. पृथकता (3)। 7. आश्चर्य (4)।
9. संबंध तोड़ लेना, अलग हो जाना (3,3)। 11. रंग हल्का पड़ना, मायूस होना (2,4)। 14. तरबतर, पूरी तरह से भीगा हुआ (4)। 16. टहल, सेवा, चाकर का काम (3)। 17. मनमुटाव, लड़ाई-झगड़ा (4)। 18. सांपों से संबंधित एक हिंदी फिल्म (3)।

**ऊपर से नीचे**
1. हमला करने वाला, आक्रामक (4)। 2. पता-ठिकाना (2,2)।
3. मिलनसार, भावुक (6)।
5. भयभीत, डरपोक, एक प्रकार की मछली (3)। 8. दुनिया, विश्व (3)।
10. इनकार कर देना (2,2,2)।
11. दुश्मनी (3)।
12. वस्तु के गुण-दोष, स्वाद आदि को जानने की शक्ति (4)।
13. पत्थरों से युक्त (4)।
15. खाने-पीने का सामान, रसद (3)।



© Bird Features & Writing Agency

### कल का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | स | न | दे | ना | | कु | ड | लि | नी |
| श्वा | | | शा | | | ज | | | रां |
| स | | | ट | न | | ग | | | ज |
| न | म | की | न | | ता | ली | ब्र | जा | ना |
| | | र्ति | | ह | क | | ल | | |
| | | गा | | न | त | | खा | | |
| उ | प | न | य | न | | म | ना | व | न |
| प | | | त्न | | घा | त | | | ज |
| व | | | शी | | | वा | | | रा |
| नं | ट | सा | ल | | ग | ला | छू | ट | ना |

## जागरण सुडोकू- 2678

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | | 2 | | 8 | | 6 |
| | | | | 8 | | | 9 | |
| | | 2 | 6 | | 9 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 7 | | 5 |
| | | 5 | | 7 | 6 | | 2 | |
| 2 | | | | 5 | | | | 4 |
| 1 | 5 | | 4 | | | | 7 | |
| | | 8 | | 1 | | 2 | | |
| 4 | | | 7 | | 8 | | | 3 |

### कल का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल- 02 जुलाई, 2024 मंगलवार


के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति : आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष एकादशी।
आज का राहुकाल : अपराह्न 03 बजे से 04 बजकर 30 मिनट तक।
आज का दिशाशूल : उत्तर
आज का पर्व एवं त्योहार : योगिनी एकादशी

कल 03 जुलाई, 2024 का पंचांग
कल का दिशाशूल : उत्तर
कल का पर्व एवं त्योहार : प्रदोष व्रत
विशेष : गजकेसरी योग
विक्रम संवत 2081, शके 1946, उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्मऋतु आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष की द्वादशी तत्पश्चात त्रयोदशी, रोहिणी नक्षत्र तत्पश्चात मृगशिरा नक्षत्र, शूल योग तत्पश्चात गंड योग, वृष में चंद्रमा।




मेष : आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।
वृष : गजकेसरी योग प्रतिष्ठा में वृद्धि कराएगा। रुका कार्य संपन्न होगा।
मिथुन : बहुप्रतीक्षित कार्य संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
कर्क : पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। चल रहा प्रयास सार्थक होगा।
सिंह : जीवनसाथी का सहयोग और सान्निध्य मिलेगा।
कन्या : पिता या धर्मगुरु का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।
तुला : आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। तनाव मिल सकता है।
वृश्चिक : दांपत्य जीवन सुखमय होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।
धनु : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीविका के क्षेत्र मे प्रगति होगी।
मकर : संतान के दायित्व की पूर्ति। शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
कुंभ : गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।
मीन : पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। प्रयास सार्थक होगा।



जगन्नाथ पुरी रथयात्रा
गजपति महाराज दिव्य सिंहदेव जी
महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के प्रथम सेवक

# जगत के नाथ की मानवोचित लीला

**पुरुषोत्तम क्षेत्रपुरी में होने वाली भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा सात जुलाई से आरंभ हो रही है। जगन्नाथ जी अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ दर्शन देने मंदिर के गर्भगृह से निकलते हैं। इसका वर्णन विशेष रूप से स्कंद पुराण के वैष्णव खंड में मिलता है। जानते हैं जगन्नाथ जी और इस यात्रा का माहात्म्य..**



स्कंद पुराण के अनुसार, जगन्नाथ जी की पहली रथयात्रा तब हुई, जब परमात्मा परमेश्वर माधव रूप में पुरुषोत्तम क्षेत्र में साक्षात उपस्थित थे। उसी स्थान पर, जहां यह श्रीमंदिर है। जब वे अंतर्धान हो गए, उसके पश्चात अवंती (उज्जैन) के महाराजा इंद्रद्युम्न की प्रार्थना, भक्ति व तपस्या से परमात्मा का यहां दारु विग्रह के रूप में आविर्भाव हुआ। जिस स्थान पर भगवान का आविर्भाव हुआ, वह इस समय का गुंडिचा मंदिर है। उस समय यह मंदिर नहीं था। भगवान का आविर्भाव एक मंडप में हुआ। वहां पहला मंदिर महाराज इंद्रद्युम्न ने बनवाया। स्कंद पुराण के अनुसार, वहां तक की प्रथम रथयात्रा महाराज इंद्रद्युम्न के समय में हुई, जो प्रथम मन्वंतर का द्वितीय सतयुग था। यह रथयात्रा गुंडिचा मंदिर से उस समय के श्रीमंदिर तक हुई। इस पुराण में भगवान ने स्वयं कहा है कि साल में एक बार वह श्रीमंदिर से अपने जन्मस्थान जाना चाहते हैं, क्योंकि वह उन्हें बहुत प्रिय है और वहां सात दिन रहना चाहते हैं। इस यात्रा में भगवान सात दिन बाद वापस आते हैं, जिसे हम बाहुड़ा यात्रा कहते हैं। फिर भगवान अपने श्रीमंदिर में पुनः विराजमान होते हैं। यह सनातन वैदिक धर्म की अलग-सी परंपरा है। वैदिक परंपरा में जब हमारे मूल विग्रह मंदिर में अपने सिंहासन पर प्रतिष्ठित हो जाते हैं तो उन्हें वहां से हटाया नहीं जाता है, पर यहां पर जगन्नाथ जी कहते हैं कि वह सबके नाथ हैं, ऐसे में उनके दर्शन व उनकी कृपा प्राप्त करने का सबको अधिकार है। अतः वे रथ पर सवार होकर दर्शन देने निकलते हैं। जगत के नाथ जगन्नाथ जी की रथयात्रा में सभी धर्म-संप्रदाय के लोग भाग लेते हैं।

शास्त्रों के अनुसार, परमात्मा दारु विग्रह के रूप में प्रकट हुए। वह मानवोचित लीला करते हैं। वैदिक सिद्धांत में हम सभी मनुष्य सप्तधातु में गठित हैं। अस्थि से लेकर चर्म तक सप्त आवरण है। उसी प्रकार जगन्नाथ जी, बलभद्र, सुभद्रा एवं सुदर्शन जी सप्त आवरण से गठित हैं। हमारे शरीर के तत्व परिवर्तनशील हैं, उसी प्रकार भगवान जी का शरीर भी है। स्नानयात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ जी में कुछ परिवर्तन किए जाते हैं। कुछ दारु अंग निकाले जाते हैं और कुछ नए अंग लगाए जाते हैं। यह भगवान जी के सामान्य परिवर्तन का समय होता है। स्नानयात्रा से लेकर रथयात्रा के पूर्व दिन तक। हम सामान्य भावना से कहते हैं कि भगवान अस्वस्थ हैं। हमारा विश्वास है कि जगन्नाथजी परमात्मा हैं, उनके शरीर में ब्रह्म है। यही ब्रह्म नवकलेवर में उनके शरीर में प्रवेश करता है।

---



# 'शारीरिक और मानसिक यातना के लिए जिला उपभोक्ता आयोग ने नहीं दिया उचित मुआवजा'

रीतिका मिश्रा ● जागरण

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने 50 लाख रुपये का मुआवजा बढ़ा कर एक करोड़ रुपये किया
- श्रीलंका यात्रा में एक शख्स की पत्नी, बेटे और ससुर की गई थी जान, ट्रैवल एजेंसी देगी मुआवजा

**नई दिल्ली:** राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक शख्स के स्वजन की श्रीलंका यात्रा में बरती गई लापरवाही से मौत के मामले में टूर एंड ट्रैवल एजेंसी थामस कुक और रेड एपल ट्रैवेल को उनके स्वजन को एक करोड़ का मुआवजा देने का आदेश दिया। आयोग ने टिप्पणी कर कहा कि टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों की लापरवाही के चलते शिकायतकर्ता की पत्नी, बेटे और ससुर की यात्रा के दौरान मौत हुई है, लेकिन जिला उपभोक्ता फोरम ने शिकायतकर्ता को शारीरिक और मानसिक यातना के लिए उचित मुआवजा नहीं दिया है। जिला उपभोक्ता अदालत ने तीन व्यक्तियों की मौत पर ट्रैवल एजेंसी को उनके स्वजन को 50 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया था।

शिकायतकर्ता ने ये कहते हुए राज्य उपभोक्ता आयोग से मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग को लेकर याचिका दायर की कि जिला उपभोक्ता आयोग उसकी पत्नी की आय की हानि, उसकी आजीविका और भविष्य की संभावनाओं की हानि, उसे व उसकी बेटी को पहुंचे शारीरिक और मानसिक आघात जैसे कारकों को देखने में विफल रहा। जबकि ये सब ट्रैवल एजेंसियों की सेवा में कमी के कारण हुआ है।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने यह आदेश एक व्यक्ति की ओर से श्रीलंका यात्रा में स्वजन की मृत्यु के बाद सेवा में कमी और लापरवाही, अनुचित व्यापार प्रथाओं, भ्रामक विज्ञापनों और कानूनी कार्रवाई के लिए थामस कुक और रेड एपल ट्रैवेल के खिलाफ की शिकायत पर दिया। पीड़ित योगेश सहगल ने एजेंसियों से उनकी पत्नी, बेटे और ससुर की मौत पर 8.99 करोड़ का हर्जाना मांगा था। योगेश ने बताया कि उन्होंने थामस कुक के जरिये श्रीलंका की यात्रा बुक की थी। दिसंबर 2019 में यात्रा के दौरान कोलंबो में वह जिस वैन में सवार थे, वो एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई थी। हादसे में वैन के ड्राइवर समेत उनके स्वजन की भी मौत हो थी। जबकि उन्हें व उनकी बेटी को गंभीर चोटें आई थीं। उन्होंने शिकायत में कहा कि उनका श्रीलंका के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था जिस कारण वह पत्नी व बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाए, जो कि दिल्ली में हुआ था।

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**जासं, गाजियाबाद :** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में दोस्त के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। महिला के पिता ने एक युवक पर केस दर्ज कराया है।



सफीना खातून ●

बिहार के दरभंगा निवासी मंसूर आलम की बेटी सफीना खातून उर्फ चांदनी दो महीने से राकेश मार्ग पर अपने मित्र मोहित के साथ रह रही थी। चांदनी के भाई जयपुर निवासी सनाउल्लाह के मुताबिक रविवार को उनके पास अनजान व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उनकी बहन की मृत्यु हो गई है। उसका शव कापसहेड़ा इलाके में है। सनाउल्लाह का कहना है कि उनकी बहन की हत्या की गई है। आरोपित मोहित ने उनकी बहन को नौकरी का झांसा देकर अपने पास बुलाया था।

# अदालत का समय बर्बाद करने पर जुर्माना लगा खारिज की याचिका

विनीत त्रिपाठी ● जागरण

**याचिकाकर्ता ने 18 साल पहले कुदेसिया घाट पर हुए ध्वस्तीकरण के बदले भूमि आवंटन करने की उठाई थी मांग**



**नई दिल्ली:** यमुना क्षेत्र में आवास ध्वस्त करने की कार्यवाही पर वैकल्पिक भूमि आवंटित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को हाई कोर्ट ने 50 हजार का जुर्माना लगाकर खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने कहा कि संबंधित संपत्ति जोनल डेवलपमेंट प्लान के तहत ओ जोन में आती है और इसे सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न आदेशों के अधीन शहरी विकास मंत्रालय द्वारा यमुना बाढ़ क्षेत्र माना गया है। ऐसे में याचिकाकर्ता के पास याचिका दायर करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, लेकिन वह येन-केन-प्रकारेण कानूनी अधिकार प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है।

इन तथ्यों को देखते हुए कोर्ट का समय बर्बाद करने के लिए याचिका को 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने दर्ज किया कि डीडीए ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों पर जेजे क्लस्टर की योजना लागू नहीं होती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा संपत्ति पर कब्जे व टाइटल के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पेश किया गया, जिसे 31 अगस्त 2006 में ध्वस्त कर दिया गया था। कोर्ट ने डीडीए के उस तर्क से भी सहमति जताई, जिसमें डीडीए ने कहा था कि याचिकाकर्ता द्वारा संपत्ति पर गैरआवासीय मंशा से अखाड़ा चलाया जा रहा था और वह इसके बदले किसी भी भूमि को पाने का हकदार नहीं है। याचिकाकर्ता विष्णु गोपाल वशिष्ठ ने याचिका में कहा था कि कुदेसिया घाट सिविल लाइंस में उनकी 1930 से संपत्ति थी और उनके दादा ने वहां पर उसी साल अखाड़ा शुरू किया था। 2006 में अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण करने का नोटिस जारी किया और अगस्त 2006 में इसे ध्वस्त कर दिया गया।

# सांसदों से बात कर दिल्ली के गांवों की समस्याएं दूर कराएंगे : साहू

**राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भगीरथ चौधरी और छत्तीसगढ़ के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तोखन साहू को मंत्री बनाए जाने का किया स्वागत**

**राज्य ब्यूरो, जागरण, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में किसान मोर्चा के सात कार्यकर्ताओं को सांसद चुने जाने और मंत्रिमंडल में दो सांसदों को स्थान दिए जाने के उपलक्ष्य में दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत द्वारा आयोजित इस अभिनंदन समारोह में राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भगीरथ चौधरी को कृषि राज्य मंत्री और छत्तीसगढ़ के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तोखन साहू को शहरी विकास राज्य मंत्री बनाए जाने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा उपस्थित थे। विनोद सहरावत ने अभिनंदन समारोह में दिल्ली के श्रमिक, किसानों की समस्याओं को रखा, साथ में 360 खाप के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने म्यूटेशन और अन्य समस्याओं से दोनों केंद्रीय मंत्रियों को अवगत कराया। कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि एक मैं भी एक श्रमिक किसान का बेटा हूं और किसानों को काम करते हुए और उनकी समस्याओं को बहुत नजदीक से देखा है। इसलिए किसानों की समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास करूंगा।

तोखन साहू ने कहा कि मैं दिल्ली के सभी गांव की समस्याओं को स्थानीय सांसदों से बात करके समाधान करवाने का प्रयास करूंगा। दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने किसानों के साथ जो दोहरी नीति अपनाई है, उस पर भी विचार करके किसानों को उनका हक दिलाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौधरी धारा सिंह, 52 बावनी के प्रधान चौधरी हुकम सिंह, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश अरुण चौधरी, मोर्चा महामंत्री राजपाल राणा एवं रणधीर प्रधान, संजय मान, प्रवीण राणा, अशोक टिकरी, अशोक किराड़ी सहित दिल्ली देहात के श्रमिक किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।


---

## मनोरंजन

# 'किल' फिल्म के लिए अपने आप को किया टार्चर : लक्ष्य

फिल्मों में आने के लिए, कोई माडलिंग का सहारा लेता है तो कोई टीवी का। हालांकि किल फिल्म के अभिनेता लक्ष्य का ऐसा कोई लक्ष्य नहीं रहा। कुछ बड़ा करने की चाहत उन्हें टीवी से सिनेमा की ओर लाई। यही वजह रही कि टीवी शो पोरस के बाद लक्ष्य ने छह साल तक इंतजार किया। अब उनकी फिल्म किल पांच जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। पिछले साल टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी यह फिल्म प्रदर्शित की गई थी। इसमें फिल्म ने काफी सराहना बटोरी थी।

**जिद थी फिल्मों में काम करना है:** सिनेमा में आने को लेकर लक्ष्य कहते हैं, 'मैंने कभी ये सोचकर काम नहीं किया था कि टीवी करियर की पहली सीढ़ी बनेगी या सिनेमा दूसरी सीढ़ी बनेगी। मैं दिल्ली से आया था। एमटीवी पर पहला शो वारियर हाई मिल गया था। मुझे सिर्फ काम की शुरुआत करनी थी। ऐसे में जो मिला वो किया। जब टीवी कर रहा था, तो उस दौरान कई ऐसे टीवी के नाम थे, जो सिनेमा में बड़े नाम बन चुके थे। मैं तब सोचता था कि ऐसा क्या बड़ा करूं, जो मैं सबसे बड़ा स्टार बन जाऊं। तब मैं 19-20 साल का था। टीवी पर पोरस जैसा बड़ा शो कर लिया था। फिर टीवी छोड़ा और देखा कि चीजें होती हैं या नहीं। फिर कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा से मिला। उन्होंने आडिशन के लिए लाइनअप किए। फिर धर्मा प्रोडक्शन से फिल्म दोस्ताना 2 मिली, लेकिन बनीं नहीं। धैर्य काफी रखना पड़ा। मेरा डर वाजिब था कि मैं दिख नहीं रहा हूं, काम नहीं आ रहा है, घर पर पैसा नहीं आ रहा है तो जिंदगी कैसे चलेगी। उम्मीद थी कि ऐसा काम करूंगा कि लोग देखते रह जाएंगे। इसलिए टीवी से ब्रेक लिया, हालांकि वहां पर अच्छे निर्देशकों से काम के आफर आ रहे थे, लेकिन जिद थी कि फिल्मों में प्रयास करना है।'



फिल्म में जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे लक्ष्य ● @itslakshya (इंस्टाग्राम)

### ऐसे हुई करण जौहर से पहली मुलाकात




किल के निर्माता करण जौहर से मुलाकात की कहानी बताते हुए लक्ष्य कहते हैं, 'उनसे मुलाकात कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा के जरिये हुई थी। उन्होंने मेरा किसी और फिल्म के लिए आडिशन लिया था, जिसमें मेरा काम नहीं हो पाया था। मैं परेशान था। उन्होंने कहा कि कुछ ना कुछ होगा क्योंकि मुझे तुम पर भरोसा है। उनके यह कहने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। दो-तीन दिन के बाद फोन आया कि करण अपनी किसी दूसरी फिल्म के लिए एक नए लड़के की तलाश में हैं। उस फिल्म के लिए आडिशन प्रक्रिया चालू हुई। उन्हें मेरा आडिशन पसंद आया, फिर मीटिंग हुई। उसके बाद फिर बुलाया गया कि कुछ और आडिशन करने हैं। फिर पांच-छह महीने में इसका हिस्सा बन गया।'

### ट्रेन के भीतर की गई 66 दिनों की शूटिंग

फिल्म की 66 दिनों की शूटिंग ट्रेन के भीतर की गई है। लक्ष्य बताते हैं, 'ट्रेन का सेट लगाया गया था। उसमें नीचे हाइड्रोलिक्स और मूवर्स लगे थे, जिससे महसूस होता था कि ट्रेन चल रही है। ट्रेन की जो दीवारें थीं, वह सब खुल सकती थीं। ऐसे में वहां एक्शन करना कठिन था। स्पेस कम था, तो आपको देखना पड़ता था कि सहकलाकार को चोट न लगे। मजा आ रहा था, क्योंकि पहले ऐसा किया नहीं है। इस फिल्म के लिए मुझे साइकोलाजिकली काफी चीजें बदलनी पड़ी थी। मैं अपने आपको टार्चर करता था। जानबूझकर कम सो रहा था, ताकि अगले दिन आंखें सूजी हुई लगे। दोस्तों से मिलना कम कर दिया था, ताकि अच्छी यादें साथ न रहें। फिल्म की शूटिंग खत्म हो जाने के बाद उस जोन से बाहर निकलने के लिए मुझे एक सप्ताह लगा।'

# फिल्म सिकंदर ने पार किया पहला पड़ाव



**आमतौर पर ईद** के मौके पर अपनी फिल्में प्रदर्शित करने वाले अभिनेता सलमान खान की इस साल ईद पर कोई भी फिल्म प्रदर्शित नहीं हुई। हालांकि, वह अगले साल की ईद को अपने हाथों से नहीं जाने देना चाहते हैं। इसलिए वह अपनी आगामी फिल्म सिकंदर की शूटिंग में कोई लापरवाही नहीं बरत रहे हैं। फिल्मकार ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने सफलतापूर्वक शूटिंग का पहला चरण पार कर लिया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, सोमवार को फिल्म की टीम ने सलमान के साथ मुंबई स्थित पांच सितारा होटल ताज लैंड्स एंड में एक महत्वपूर्ण एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की। इसके साथ ही फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा हो गया। इससे पहले टीम ने मुंबई के अंधेरी क्षेत्र में स्थित चित्रकूट ग्राउंड में सलमान और अभिनेता प्रतीक बब्बर के साथ जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की थी। इस एक्शन सीन के लिए एक विशेष प्लेन के सेट का भी निर्माण किया गया था। पहला शेड्यूल खत्म करने के बाद मानसून को देखते हुए शूटिंग में करीब डेढ़ महीने का ब्रेक होगा।

टाइगर 3 के बाद एक्शन में कुछ नया करने के प्रयास में हैं सलमान ● जागरण आर्काइव

# कल्कि 2898 एडी के लिए आए फोन को मजाक समझा था

**हिंदी सिनेमा के** महानायक अमिताभ बच्चन और प्रभास अभिनीत फिल्म कल्कि 2898 एडी की रविवार तक वैश्विक कमाई 555 करोड़ रुपये हो चुकी है। हालांकि, फिल्म में काउंसलर बानी की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अनिल जार्ज को जब इसके लिए फोन आया था तो वह मजाक समझ बैठे थे। दैनिक जागरण से बातचीत में अनिल बताते हैं, 'फिल्म के प्रोडक्शन हाउस की तरफ से किसी राहुल ने मुझे फोन पर कहा कि हम आपको एक फिल्म के लिए कास्ट करना चाहते हैं। इसके साथ उन्होंने अमिताभ बच्चन साहब के साथ दो-तीन बड़े कलाकारों के नाम लिए। तब मुझे लगा कि शायद कोई मुझसे मजाक कर रहा है। फिर मैं एक अन्य फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में बुडापेस्ट गया हुआ था। वहां मुझे दोबारा राहुल का फोन आया तो मैंने उन्हें तंज कसते हुए कहा कि आप तो बच्चन साहब के साथ फिल्म दिलाने वाले थे। उन्होंने कहा बिल्कुल और मुझे हैदराबाद बुलाया।'



कल्कि 2898 एडी में बानी की भूमिका में हैं अनिल ● इंस्टाग्राम

********

